सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-277
25/06/2017

मुख्यमंत्री ने प्रदेश एवं देशवासियों को ईद की मुबारकबाद दी

पटना, 25 जून 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने ईद–उल–फितर के मौके पर प्रदेश एवं देशवासियों विशेषकर मुसलमान भाइयों–बहनों को ईद की मुबारकवाद दी। उन्होंने कहा कि पवित्र रमजान के महीने में रोजेदारों द्वारा की गयी इबादतों और रोजे से रोजेदारों के घर परिवार के साथ प्रदेश और देश में शान्ति एवं समृद्धि आये तथा समाज में अमन–चैन, भाईचारा पूरे तौर पर कायम रहे, यह मेरी कामना है। ईद का दिन ईनाम का दिन है। खुदा–ए–ताला इस मुबारक दिन पर अपने नेक बंदों को ईनाम से नवाजते हैं। खुदा–ए–ताला हम सब पर अपनी रहमतों की बारिश करें और हम सबों का जीवन सुख, शांति, समृद्धि से भरा रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत एक महान देश है। यहॉ विभिन्न धर्मों, सम्प्रदायों एवं मतावलंबियों के बीच पारस्परिक सौहार्द्र, प्रेम और सहिष्णुता बेमिसाल है। यहॉ सभी लोग एक दूसरे के पर्व त्याहारों में शामिल होकर खुशियॉ बॉटते हैं और एक दूसरे के धर्मों का सम्मान करते हैं। इसी से प्रदेश एवं देश को ताकत एवं मजबूती मिलती है, जिसकी बदौलत प्रतिकूल परिस्थितियों में भी देश की एकता और अखण्डता अक्षुण्ण रहती है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को पारस्परिक सौहार्द्र, आपसी प्रेम एवं सहिष्णुता के साथ ईद–उल–फितर मनाने का आह्वान किया।

******